तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि-कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

14 ईडी के जोर पर कांग्रेस को डरा धमका रही भाजपा ...



14 मतदान दलों के प्रशिक्षण में 423 कर्मचारी...





## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल की बैठक में लोस चुनाव पर हुई चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शक्ति केंद्र कोंडे में 28 मार्च को भाजपा मंडल की बैठक हुआ, जिसमें लोकसभा चुनाव के संबंध में चर्चा किया गया। शक्ति केंद्र प्रभारी शकुंतला नरेटी एवं शिरो कोमरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 10 वर्षों में संचालित प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, महतारी वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, नल जल योजना, किसान समृद्धि योजना, सुकन्या योजना, सहित अन्य योजनाओं के लाभ के बारे में घर घर जाकर प्रसार प्रचार करना व सभी बूथों के पदाधिकारीयों का कार्य विस्तार किया गया। बैठक में प्रमुख रुप से भूतपूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे, हिंछाराम जैन, मोती राम जैन, कमलेश साहू, गेश्वर जैन, रिसो नेताम एवं सभी बूथों के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### युवती ने जहर खाया हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत पीव्ही 96 निवासी 25 वर्षीय जयती पिता अमित का ईलाज के दौरान 21 मार्च को सुबह साढ़े 8 बजें पखांजुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर बताया गया कि मृतिका ने जहर का सेवन कर लिया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### चुनाव : कांग्रेस प्रत्याशी शुभ मुहूर्त देखकर सर्मथकों के साथ पहुँचे नामांकन फार्म खरीदने

# लोकसभा कांकेर के लिए सात अभ्यर्थियों ने पहले दिन खरीदा नामांकन फार्म, चुनावी माहौल दिखने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का नामांकन 28 मार्च से नामांकन फार्म जमा करना शुरू हो गया है, परंतु पहले दिन कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर शुभ मुर्हुत में अपने सर्मथकों के साथ नामांकन फार्म खरीदने पहुँचे। कांग्रेस प्रत्याशी के अलावा बीजेपी व अन्य 6 अभ्यर्थियों के नाम से नामांकन फार्म खरीदे।

■ भाजपा व अन्य क्षेत्रीय दलों के अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का नामांकन 28 मार्च से शुरु हो चुका है। नामांकन के पहले दिन कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने नामांकन फॉर्म लिया। नामांकन फार्म के जमा करने की अधिसूचना जारी होने के बाद चुनावी माहौल दिखने लगा है और लोगों में उत्साह भी दिख रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय में चुनावी माहौल दिखने लगा है। कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के पास सुरक्षा के लिए जवानों और अधिकारियों के लिए पंडाल लगाया गया है और उसके बाजू में मीडिया के लिए भी पंडाल लगाया गया है। कलेक्टोरेट के बरामदे में आठों विधानसभा की मतदाता सूची रखी गई है और नामांकन फार्म जमा करने और उसकी रसीद कटवाने के लिए भी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। कलेक्टोरेट परिसर में 28 मार्च को चुनावी माहौल देखने को मिला। जिला निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर लिया है और चुनाव करवाने को लेकर लगातार प्रशिक्षण का दौर चल रहा है। चुनाव में लगी पूरी टीम तैयारी में जुटी हुई है। विधानसभा में जो अधिकारी चुनाव कार्य में लगे थे, उनके स्थांतरण हो जाने से पूरी नई टीम ने चुनाव की कमान को संभाल लिया है।



### सात लोगों ने पहले दिन खरीदा नामांकन फार्म

नामांकन जमा करने के पहले दिन 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म खरीदा जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से कांकेर जिला के ग्राम कोरर से बीरेश ठाकुर पिता सत्यनारायण सिंह, आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से कोण्डागांव जिला के ग्राम कोनगुड़ से सोनसिंह पिता एनऊ, भारतीय जनता पार्टी से कांकेर जिला के ग्राम तहकाल से भोजराज नाग पिता लक्ष्मीनाथ नाग, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी से कांकेर जिला के ग्राम मालगांव से भोजराम पिता नेहरू राम, गोण्ड़वाना गणतंत्र पार्टी से कांकेर जिला के ग्राम मावलीपारा से सुकचंद नेताम पिता भंवर सिंह नेताम, हमर राज पार्टी से दुर्ग जिला के ग्राम छेड़िया से विनोद कुमार नागवंशी पिता रमेश कुमार नागवंशी और सर्व आदि दल से कोण्डागांव जिला के ग्राम ईरागांव से जीवन लाल मतलाम पिता बेल सिंह ने नामांकन फार्म खरीदा है।






### कांग्रेस प्रत्याशी तीन अप्रैल को दाखिल करेंगे नामांकन फार्म

नामांकन फॉर्म लेने के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है और शुभ मुहूर्त पर अपने सर्मथकों के साथ नामांकन फॉर्म खरीदा हूँ। उन्होने ईव्हीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईव्हीएम में धांधली होती है और यदि धांधली को रोकना है तो 384 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतरना होगा, जिसके बाद मजबूरन चुनाव आयोग को बैलेट पेपर से चुनाव कराना होगा। उनका कहना है कि तीन अप्रैल को नामांकन फॉर्म जमा किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता भी मौजूद रहेंगे।

### 4 अप्रैल तक कर सकेंगे नामांकन

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि 28 मार्च गुरूवार अधिसूचना जारी किया गया है और 4 अप्रैल गुरूवार तक अभ्यर्थी नामांकन दाखिल कर सकेंगे। इसके उपरांत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल शुक्रवार को और 8 अप्रैल सोमवार को नाम वापसी हो सकेगी और इसी दिन अभ्यर्थियों को चुनाव चिनह आवंटित किया जाएगा। मतदान 26 अप्रैल शुक्रवार को होगा और मतगणना 4 जून मंगलवार को होगी। प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जमा कर सकते हैं।

## कांकेर व गढ़चिरौली सीमा के पास पुलिस-माओवादियों में हुई मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गढ़चिरौली पुलिस को जानकारी मिली कि कांकेर व गढ़चिरौली सीमा पर लगे गांव भूमकन के पास नक्सलियों का जमावड़ा है। खबर मिलते ही गढ़चिरौली पुलिस और नक्सलियों के मध्य 27 मार्च की रात और 28 मार्च की सुबह मुठभेड़ हुई। सर्चिंग के बाद मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों की सामग्री को जप्त करने में सफलता मिली है।

■ मठभेड़ में जमकर हुई फायरिंग, सर्चिंग में नक्सलियों की सामग्री मिली

गढ़चिरौली पुलिस के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस को 27 मार्च को दोपहर को विश्वसनीय और गोपनीय सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ के कसनसुर चटगांव दलम और आंधी दलम के कुछ सशस्त्र माओवादी आगामी लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में 15 किमी उत्तर-पूर्व में घात लगाकर हमला करने की योजना बना रहे हैं। माओवादी कसनपुर पोस्ट जरावंडी से 12 किमी दक्षिण पूर्व में महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर सुदूर गांव भूमकन के पास एकत्र है। गढ़चिरौली पुलिस को जानकारी मिलने पर स्पेशल मिशन स्क्वाड की 08 टुकड़ियों और सीआरपीएफ की 01 क्यूटी के साथ सदर जंगल क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान शुरू किया गया। जंगल इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा था, तभी



माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दिया। मिशन टीम द्वारा गोलीबारी का जोरदार जवाब दिया गया। माओवादी ने 27 मार्च की सायं 6 बजे, रात को साढ़े 11 बजे और 28 मार्च की सुबह साढ़े 4 बजे मिशन टीम पर फायरिंग किया। उक्त मुठभेड़ में माओवादियों ने अभियान दल के बीजीएल को मार गिराया, लेकिन मिशन टीम ने कड़ा जवाब दिया। मिशन टीम के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। मिशन टीम के सदस्यों ने 28 मार्च की सुबह सूर्योदय के साथ घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सर्च ऑंपपरेशन के दौरान जिस ईलाके से गोली चली थी, उस ईलाके में भारी मात्रा में माओवादी सामान, सामग्री, तार, जिलेटिन स्टेक, बैटरी, सोलर पैनल आदि मिले। माओवादियों की सामग्री को जप्त किया गया। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने इस ईलाके में माओवादी विरोधी अभियान तेज करने का संकेत दिया है।

## वाहनों की जांच में 23 हजार की शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

एफएसटी एवं एसएसटी दलों के द्वारा वाहनों की रैण्डम आधार पर सघन जांच किया जा रहा है,

■ लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले की एफएसटी, एसएसटी टीम सक्रिय

इसी के तहत दुधावा चौक के पास वाहनों की जाँच करने के दौरान स्विप्ट कार से 23 हजार रूपएं कीमत की शराब को जप्त किया गया। वाहन मालिक के पास वाहन में रखी शराब के संबंध में किसी भी प्रकार को कोई कागज नहीं मिला।

आबकारी विभाग ने नियमानुसार कार्यवाही किया। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एफएसटी एवं एसएसटी दलों के द्वारा वाहनों की रैण्डम आधार पर सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान 28 मार्च को आबकारी एवं एफएसटी दल द्वारा दबेना -जामगांव मार्ग पर दुधावा चौकी में वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन मारूति सुजुकी स्विफ्ट क्रमांक सीजी 04 एचएल 1790 को रोककर जाँच किया गया। इस वाहन में गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव के 96 नग (17.28 लीटर), पार्टी स्पेशल डिलक्स व्हिस्की पाव के 20 नग (3.60 लीटर), सिम्बा स्ट्रांग बीयर के 36 नग (23.40 लीटर) एवं सिम्बा केन बीयर के 08 नग (4.00 लीटर) कुल 48.280 लीटर मदिरा बरामद किया गया। वाहन चालक मनोज कुमार राय पिता विजय राय निवासी बाजार चौक जामगांव से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई वैध लायसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत गिरफ्तार किया गया और आरोपी के पास से 23 हजार 280 रूपएं की मदिरा एवं ढाई लाख का वाहन की जप्ती की कार्यवाही के बाद आरोपी वाहन चालक को न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन की रोकथाम के लिए सघन गशत करते हुए वाहनों की जांच एवं दबिश दी जा रही है।

## तलवार लहराई, धमकी दी युवक पुलिस हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थानांतर्गत कांकेर के ग्राम सिंगारभाट बड़ेपारा में एक युवक हाथ में तलवार लेकर लोगो को मारने की धमकी देते हुए तलवार को लहरा रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर कांकेर थाना की पुलिस ने तलवार लहरा रहे युवक को दबोचा और उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

सिंगारभाट बड़ेपारा में रहने वाले लोगों ने फोन करके कांकेर पुलिस को जानकारी दिया कि बड़ेपारा सिंगारभाट निवासी अजय उसेण्डी पिता दयाराम उसेण्डी.अपने हाथ में तलवार लेकर लहराते हुए लोगों को मारने के लिए दौड़ा रहा है। पुलिस को खबर मिलते ही कांकेर थाना की



पेट्रोलिंग टीम 28 मार्च को सुबह 11 बजें बताएं गए स्थल सिंगारभाट बड़ेपारा की गली में पहुंची, वहाँ पर एक लड़का जो अपने हाथ में लोहे की तलवार लेकर लोगो को मार डालूंगा, काट डालूंगा बोलकर धमका कर तलवार को हवा में लहराते हुए आ रहा था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मुहल्लेवासियों का कहना था कि तलवार लहराने वाले युवक को पुलिस के द्वारा नही पकड़ा जाता, तो अवश्य ही गंभीर घटना घटित हो सकता था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक धारदार नुकीला लोहे का तलवार को जप्त किया और धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### रास्ते पर शराबखोरी, युवक पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर थानांतर्गत नरहरपुर से आंखीहर्रा जाने वाले मार्ग में सड़क के किनारे में शराब पीते हुए आरोपी सुरही निवासी 24 वर्षीय तोरण मंडावी पिता किर्तन को पुलिस ने पकड़ा व उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी तोरण मंडावी 27 मार्च की शाम साढ़े 6 बजें नरहरपुर से आंखीहर्रा जाने वाले मार्ग पर रोड के किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाया गया। आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी शराब को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वीर सावरकर के बलिदान को इतिहास में अपेक्षित स्थान नहीं मिला

# आजादी की लड़ाई 90 साल चली, यह लड़ाई सिर्फ कुछ ही लोगों ने लड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वातंत्र्य वीर सावरकर मार्च 2024 में आई हिंदी भाषा की एक फिल्म है और यह विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित एक जीवनी फिल्म (बायोपिक) है। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने अपने भाजपा के सभी जिला और मंडल के पदाधिकारियों को फिल्म देखने की व्यवस्था किया।

■ कांकेर विधायक की पहल पर भाजपाइयों ने देखी वीर सावरकर फिल्म

फिल्म देखने के लिए भाजपाईयों में उत्साह दिखा और भगवा झंडे भी भाजपाई फहरा रहे थे। विधायक आशाराम नेताम ने विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म को देखने के लिए भाजपा के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था। उनका कहना है कि हमारे अखंड भारत के प्रणेता प्रखर राष्ट्रवादी विनायक दामोदर सावरकर ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, अंग्रेजो की यातनाएं और काला पानी की सजा के बावजूद उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ क्रांति जारी रखा। वीर सावरकर के इस बलिदान को इतिहासकारों ने इतिहास में जगह नहीं दी, उन पर बनी यह फिल्म लोगों को जरूर देखनी चाहिए कि कैसे उन्होंने अंग्रेजो से लड़ते हुए भारत के विभाजन का विरोध किया। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा राजनेता और क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की भूमिका निभाया, यह बतौर डायरेक्टर उनकी पहली फिल्म है। चुनावी माहौल के बीच यह फिल्म रिलीज हुई है। कुछ लोग फिल्म को प्रोपेगैंडा मूवी कहा जा रहा है। फिल्म को लेकर कुछ विवाद भी सामने आ रहे हैं। फिल्म के डायरेक्टर रणदीप हुड्डा ने अपना बयान जारी किया है कि स्वातंत्र्य वीर सावरकर फिल्म मैंने अपना घर बेचकर बनाया है और किसी से फंडिग नहीं ली है। स्वातंत्रय वीर सावरकर फिल्म प्रोपेगेंडा नहीं बल्कि एक एंटी-प्रोपेगेंडा फिल्म है। सावरकर के खिलाफ इतने सालों से प्रोपेगेंडा चलाया गया है, उनको न जाने क्या-क्या नाम दिए गए हैं। उन्हें माफीवीर, कायर कहा गया है, यह उस प्रोपेगेंडा को तोड़ने के लिए, असलियत लोगों के सामने लाने के लिए, हमारा एक और इतिहास जिसे धुंधला कर दिया गया है, उसे लोगों के सामने लाने के लिए मैंने यह फिल्म बनाई है।





### स्वातंत्र्य वीर सावरकर के 5 प्रमुख डायलॉंग

फिल्म में जो डायलॉंग ज्यादा चर्चा में आएं उसमें 5 डायलॉंग प्रमुख है। मैं ऐसे लोगों को ढूंढ रहा हूं जो जिंदा अंग्रेजों का कलेजा फाड़कर खा जाएं। आपने कभी सोचा है कि कांग्रेस के किसी भी सदस्य को काले पानी की सजा क्यों नहीं हुई? आजादी की लड़ाई 90 साल चली, पर यह लड़ाई सिर्फ कुछ ही लोगों ने लड़ी, बाकी सब तो सत्ता के भूखे थे। महात्मा गांधी बुरे नहीं थे लेकिन अगर वो अपनी अहिंसावादी सोच पर अड़े नहीं रहते तो भारत 35 साल पहले ही आजाद हो जाता। मूल्यवान तो सोने की लंकों भी थी, लेकिन बात अगर किसी की स्वतंत्रता की हो तो रावण राज हो या ब्रिटिश राज, दहन तो होके रहेगा।

### जांच अधिकारी नियुक्त, 3 तक देनी होगी जानकारी

**कांकेर।** जिले के पखांजूर थानांतर्गत ग्राम हिदुर की जंगल पहाड़ी में हुई पुलिस-माओवादी मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच का आदेश जारी कर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर एएस पैकरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में पखांजूर एसडीएम एएस पैकरा द्वारा आम नागरिकों को सूचित किया गया है कि उक्त घटना के संबंध में जिस किसी व्यक्ति के पास लिखित या मौखिक जानकारी हो तो वे अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर के न्यायालय में 03 अप्रैल 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

हरिभूमि पाठक सूचना

कांकेर जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## सतनामी समाज के परमानंद कुर्रे प्रधान संचालक बने

**अंवरी।** सतनामी समाज जिला धमतरी की ग्राम बगौद में हुई बैठक में जिला स्तरीय निर्वाचन मंडल का गठन किया गया। परमानंद कुर्रे ग्राम खपरी को सर्वसम्मति से प्रधान संचालक के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान संचालक श्री कुर्रे ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन करेंगे। सामाजिक पदाधिकारी का निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव करना उनका कर्तव्य होगा। इस अवसर पर सभी ब्लॉक एवं जिला पदाधिकारी सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली



**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र के ग्राम चिंवरी, खर्रा, दर्रा, फुसेरा, संकरी, धूमा, परसट्टी, गातापार, गोजी, मौरीकला, कठौली, नारी, कोकड़ी, ठेकवाडीह, चारभाठा, गुदगुदा, सिरसिदा, भैंसमुंडी, मौरीखुर्द, दहदहा, कुहकुहा, भरदा, अछोटी, अटंग, सिवनीकला, गोबरा, भालूकोना, चरमुड़िया, भोथली, सिर्री, कोड़ेबोड़, आलेखूंटा, मरौद, भाठागांव, सोनपुर, नवागांव, थूहा, बकली, रावनगुड़ा, मेंडरका, परसवानी में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते नजर आए। लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# आईटीआईआई में नुक्कड़ नाटक द्वारा युवाओं को मतदान के लिए किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

लोकसभा चुनाव की मतदान तिथियों के नजदीक आने के साथ प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में लोगों को मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में गुरुवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। जिसके तहत युवाओं ने रैली निकाल कर आस–पास के ग्रामीणों को 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा तथा 26 अप्रैल को कांकेर लोकसभा के लिए होने वाले मतदानों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में नजदीकी मतदान केन्द्रों में जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### आईटीआई के विद्यार्थियों ने युवोदय स्वयंसेवकों के संग रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरुक

**निकाली गई जागरुकता रैली**

रैली में युवोदय कोंडानार चौम्प्स के स्वयं सेवकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मतदान का संदेश जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया। जागरुकता रैली उपरांत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई पहुंच युवोदय कोंडानार चौम्प्स के युवाओं द्वारा संस्थान के नवीन मतदाताओं को अपने मताधिकार के लिए जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हर एक मत के महत्व को युवाओं को बताया।






**ये रहे उपस्थित**

जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रेशमा खान, खेल अधिकारी सुधा कुमार, प्राचार्य आईटीआई आत्माराम विशाल, परियोजना अधिकारी आजीविका पुनेश्वर वर्मा, पीएमयू अभिनय रात्रे, प्रशिक्षक विजय पाल सहित युवोदय के स्वयं सेवक एवं आईटीआई के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### कार्रवाई : दो गांजा तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

# चारपहिया वाहन में जूट बोरा के बीच छिपाकर ले जाया जा रहा 46 किलो से अधिक गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस ने एक चारपहिया वाहन में जूट के बोरों के बीच रखा 46 किलो से अधिक गांजा पकड़ा है। जब्त गांजे का बाजार मूल्य साढ़े चार लाख रुपए से अधिक बताया जा रहा है। पुलिस ने दो गांजा तस्करों को भी हिरासत में लिया है। कोण्डागांव जिले में पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार ने गांजा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई करने कहा है। उक्त निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश डांडे के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव रूपेश कुमार के नेतृत्व मेंपुलिस ने गांजा परिवहन करने वाले आरोपी नंदूराम पोटाई एवं विधि से संघर्षरत बालक को किया पकड़ा है।

पुलिस के अनुसार एक सफेद रंग के बोलेरो में अवैध रूप से गांजा छुपाकर कुछ लोग नारायणपुर से रायपुर की ओर जगदलपुर कोण्डागांव के रास्ते से जाने वाले हैं कि सूचना मिली थी। मुखबीर सूचना पर ग्राम जोन्दरापदर चौक के पास नाकाबंदी कर संदेही आरोपियों को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया। उन्होंने अपना नाम नंदूराम पोटाई पिता धनीराम पोटाई उम्र 24 वर्ष निवासी बनचपई थाना बेनूर जिला कोण्डागांव व विधि से संघर्षरत बालक निवासी सिरपुर बेनुर थाना बेनुर जिला नारायणपुर छग होना बताया।

### साढ़े चार लाख का गांजा 5 बोरों में भरकर रखा गया था



**टीम में ये रहे शामिल**

पुलिस अधीक्षक द्वारा गांजा तस्करों पर लगातार कार्रवाई करने निर्देश दिया गया। मामले में थाना प्रभारी कोण्डागांव प्रहलाद यादव शशिभूषण पटेल साइबर सेल चिन्ताराम ध्रुवद्ध, अजय यादव, अशोक कुमार, विष्णु मरकाम, बिरजु सोरी, चंदन यादव का विशेष योगदान रहा है।

**बोलेरो की पीछे सीट में छिपाया था गांजा**

उपरोक्त दोनों द्वारा अपनी एक सफेद रंग के चारपहिया वाहन की पीछे सीट में जूट से भरे बोरों में मादक पदार्थ छिपाकर रखा गया था। कुल 5 जूट बोरा में अवैध मादक पदार्थ छिपाकर रखना पाया गया। जब्त गांजे का वजन वजन 46.200 किलो ग्राम कीमत 4 लाख 60 हजार बताई जा रही है। मामले में अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को भी जब्त किया गया। मामले में आरोपी एवं एक बालक को पकड़ा गया है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

# कुरुद सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया रंगों का पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

रंगों का महापर्व होली कुरूद सहित अंचल में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही नगाड़े की गूंज और रंगों की धूम ने मनभावन वातावरण बनाकर इस त्योहार को खास बनाया। लोगों ने घरों में जहां परिवार के साथ इस रंग उत्सव की खुशी बांटी और आपस में प्रेम, सद्भाव और समरसता का रंग लगाया, वहीं नगर में घूम-घूमकर गणमान्य जनों, बड़े-बुजुर्गों और मित्रो को आपसी भाईचारे, समन्वय और एकता का रंग लगाकर पर्व में चार चांद लगाया।

इस दिन नगर के विभिन्न स्थानों पर डीजे सॉन्ग में युवा होली की उमंग में थिरकते हुए नजर आए, वहीं कई स्थानों पर पारंपरिक नगाड़े की गूंज से सराबोर होकर लोगों ने फाग उत्सव की खुशी बिखेरी। लगभग हर वर्ग इस मनमोहक

- पारंपरिक नगाड़े की थाप पर लोगों ने फाग उत्सव की खुशियां बिखेरी



उत्सव के आनंद में डुबा हुआ नजर आया। नगर के कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार, चंडी मंदिर के पास युवाओं ने होली के रंग में सराबोर हो जमकर नाच गाना किया। वहीं शहर में किसी भी अप्रिय घटना से बचने व हुड़दंगियों पर लगाम कसने पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। गांवों में भी अनेक स्थानों पर ग्रामीणों फाग गीत, डंडा नृत्य कर होली मनाई और एक दूसरे को गुलाल लगा त्योहार मनाया।

# लोकसभा निर्वाचन में संयुक्त मोर्चा ने मांग एवं सुझाव के साथ कलेक्टर से की पुनः मुलाकात



- कलेक्टर ने निर्वाचन में बेहतर सुविधा मुहैया कराने का दिलाया भरोसा
- अनुपस्थित कर्मचारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने का दिया अवसर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा जिला कोण्डागांव संयोजक नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व संध्या 5 बजे विभिन्न कर्मचारी संगठनों के विकासखंड, तहसील एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर कोण्डागांव कुणाल दुदावत से पुनः मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में कर्मचारियों के विभिन्न मांगों एवं सुझाव के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

सौंपे गए ज्ञापन के क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने बताया कि कोण्डागांव जिला में दो लोकसभा बस्तर एवं कांकेर निर्वाचन क्षेत्र एवं दोनों क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतदान दिवस होने के कारण मतदान कर्मियों को तकनीकी एवं संसाधन के मददेनजर विकास खंडवार प्रशिक्षण देना संभव नहीं है। परन्तु जिला स्तर पर प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कर्मियों को आवश्यकतानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

**ये रहे उपस्थित**

चर्चा के दौरान जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल जिला सचिव ऋषिदेव सिंह सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी लोकेश गायकवाड जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ राजपत्रित अधिकारी संघ, शिवराज सिंह ठाकुर, यशवंत देवांगन, संजय कुमार राठौर, नरेश ठाकुर, मन्नाराम नेताम, अनुप विश्वास, अमलेश बारले, चन्द्रेश चतुर्वेदी, मोहन बोगा, हितेंद्र श्रीवास, सुकमन नेताम, चन्दुलाल देशमुख, बृजलाल नाग, मनोज ठाकुर, सुखदेव नेताम आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने दिव्यांग अनिता को व्हीलचेयर की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पलारी डोंगरीपारा दिव्यांग अनिता मंडावी के घर में गुरुवार को संध्या 7 बजे जाकर बाबा साहब सेवा संस्था ने कलेक्टर व समाज कल्याण विभाग के सहयोग से व्हीलचेयर भेंट की। अनीता मंडावी जो चलने–फिरने देखने में असमर्थ है । प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, के माध्यम से बाबा साहेब सेवा संस्था को पता चलते ही जिला प्रशासन के सहयोग से व्हीलचेयर भेंट की गई। इस कार्यक्रम में सहयोगी प्रेमचंद नेताम, विराज नाग, बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा उनके घर में जाकर भेंट किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक प्रमोद भारती, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओम प्रकाश नाग, संदीप कोर्राम, अनिल कुमार भारती, रमेश, दिव्यांग अनीता मंडावी के परिवार पिता चमरू राम मंडावी, माता सुनेदई मंडावी, उनकी चाची, धुहारी मंडावी, मालबती मंडावी उपस्थित रहे।

- व्हील चेयर के मदद से मंडावी का जीवन बनेगा आसान





# मोहल्लेवासियों ने की नाली की सफाई

**अंवरी।** ग्राम अंवरी में पानी निकासी के लिए नाली बनाई गई है लेकिन सफाई नहीं होने के कारण नाली गंदगी से भर गई है। नाली से असहनीय बदबू आने लगी है। इसे देखते हुए मोहल्लेवासियों ने नाली की साफ-सफाई की। ग्रामीण रामगुलाल साहू, थानेश निर्मलकर, फत्तेलाल , उदय, तोषबाई ,खिलेश्वरी, दुलारी बाई, लक्ष्मी धुव ने बताया कि साल भर पूर्व नाली का निर्माण किया गया था जो क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## ग्राम पटेल ने स्कूली बच्चों को बांटा केला और अंगूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिर्री

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। ग्राम सिर्री के ग्राम पटेल सालिकराम साहू ने शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में मध्यान्ह भोजन के समय स्कूली बच्चों को केला और अंगूर बांटकर न्योता भोजन खिलाया। मौके पर मिडिल स्कूल के प्रभारी प्रधानपाठक विनय साहू, शिक्षकगण गिरवर लाल साहू, पुरूषोत्तम साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे।



# मुख्य मार्गों में अवैध पार्किंग से लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शहर के मुख्य मार्गों में अवैध पार्किंग से लोग परेशान है। इसकी वजह से शहर की सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आते हैं। कई बात तो जाम की स्थिति बन जाती है। फंसे लोगों को ट्रेफिक खुलने का इंतजार करना पड़ता है।

शहर के रायपुर रोड, बस्तर रोड, रत्नाबांधा रोड, सिहावा रोड, सदर मार्ग, रूद्री रोड ऐसे हैं जहां सुबह होते ही रोड में अघोषित पार्किंग बन जाता है जो शहर में एक प्रकार का अतिक्रमण है। नेशनल हाईवे मार्ग में बैंकों के आसपास वाहनों का आधी सड़क पर कब्जा रहता है। वहीं अंदरूनी मार्ग में दुकानदार व ग्राहकों के वाहन की वजह से रोड जाम रहता है। बैंकों में प्रतिदिन करोड़ों का व्यापार होता है पर ग्राहकों के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं दी जा रही है। ऐसे में ग्राहक अपने वाहन को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। यह सिलसिला दिनभर चलता रहता है जिसकी वजह से वाहनों की रफ्तार कम हो जाती है। जाम के कारण आम आदमी परेशान रहता है।

शहर के नागरिक मयंक चौबे, नितिन शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि का कहना है कि नेशनल हाईवे की चौड़ाई 80 फीट है लेकिन अवैध पार्किंग व अतिक्रमण के चलते दायरा 60 फीट तक रह गया है। संकरी सड़क में ट्रेफिक का दबाव बढ़ जाता है जिससे रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है।

शहर पहुंचने वाले राहगीर सभी मुख्य मार्गों में परेशान रहते हैं। नागरिकों का कहना है कि शहर की मुख्य सड़क में 25 से अधिक बैंकों की शाखा है जहां सैकड़ों ग्राहकों का आना-जाना है। पार्किंग के अभाव में ग्राहक सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं जिसका असर ट्रेफिक व्यवस्था पर पड़ता है।

### अनुशासित रहते हुए अपना व्यवहार रखें मर्यादित : जिला निर्वाचन अधिकारी

# निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मतदान के दौरान सभी अधिकारी शांतचित्त से कार्य करें और किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने मतदाता कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कही। बुधवार को जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामकोटपारा में मतदान कार्मिकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें 181 मतदान केन्द्रों के लिए 900 से अधिक मतदान कार्मिक शामिल हुए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि मतदान पूरी तरह निष्पक्ष तथा गोपनीय हो। इसके लिए निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। यहां गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही अपनी शंकाओं का समाधान भी अवश्य करें। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग की निर्देशिका का अध्ययन भी करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संचालित यूट्यूब चौनल से भी मतदान संबंधी निर्देशों को समझें, जिससे त्रुटिरहित और निर्विवाद मतदान कराया जा सके। निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का पालन करते हुए अपना व्यवहार मर्यादित, संयमित और अनुशासित रखें। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव, डिप्टी कलेक्टर अश्वन पुसाम सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं मतदान अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण में कलेक्टर ने दिए निर्देश

- कलेक्टर ने टेंडर, चैलेंज एएसडी वोट के संबंध में पूछे सवाल



### प्रशिक्षणार्थियों से पूछे सवाल

इस अवसर पर कलेक्टर ने टेंडर वोट, चैलेंज वोट, एएसडी वोट आदि की प्रक्रियाओं के संबंध में भी सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में डाले जाने वाले इन वोटों की प्रक्रियाओं को भी भलीभांति समझ लें। जिससे मतदान केन्द्र में किसी भी प्रकार की शंका के साथ इनकी प्रक्रियाओं को पूरा कर सकें।

**द्वितीय चरण के प्रशिक्षण उपरांत होगी परीक्षा भी**

इस अवसर पर कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि द्वितीय चरण के प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का भलीभांति पालन करते हुए पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की शिकायत पर निर्वाचन आयोग द्वारा कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। ईवीएम के संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसे गंभीरतापूर्वक सीखें।

## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह 31 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला यादव समाज का होली मिलन समारोह कार्यक्रम 31 मार्च को दोपहर 1.30 बजे से शहर के कृष्ण मंदिर परिसर गोवर्धन चौक में आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष बलराम यादव ने दी है।

### तीन सहायक मतदान केन्द्र स्थापित

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 86 जगदलपुर के मतदान केन्द्र जहां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 की स्थिति में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को प्रकाशित निर्वाचक नामावली के अनुसार मतदाता संख्या 1500 से अधिक होने के फलस्वरूप मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर 3 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिसके तहत सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 5 प्राथमिक शाला कोहकापाल अतिरिक्त कक्ष, सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 81 प्राथमिक शाला करकापाल कक्ष-2 और सहायक मतदान केन्द्र क्रमांक 125 प्राथमिक शाला गांधी नगर कक्ष-2 जगदलपुर स्थापित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रस्ताव पर इन सहायक मतदान केन्द्रों की स्थापना हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### शिफ्टिंग मतदान केंद्रों के लिए राजनीतिक दलों से ली सहमति

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने सुरक्षागत कारणों और ग्रामीणों की मांगों के आधार पर जिले के मतदान केंद्रों में से शिफ्टिंग मतदान केंद्रों और पी-2 मतदान केंद्रों के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चाकर सहमति ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने भी पी-1 और पी-2 मतदान केंद्रों के प्रस्ताव सुरक्षागत कारणों से करने के संबंध में विचार रखे। इस अवसर पर बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, आप पार्टी के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम जगदलपुर, तोकापाल, बस्तर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## निधन

### सुख सागर देवी झा



**जगदलपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल देव झा (भोला झा) की माता व भाजपा जगदलपुर मंडल के सदस्य रौशन झा की दादी सुख सागर देवी झा का कल शाम निधन हो गया। अंतिम यात्रा 29 मार्च की सुबह 9 बजे आजाद चौक स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# स्टीकर, पोस्टर लगाकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन एवं सभी निर्वाचनों में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप चलाए जा रहे है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों जैसे रंगोली, रैलियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण युवा भी इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर रुचि दिखा रहें और जागरूकता अभियान में शामिल हो रहे है। महिला स्व सहायता समूह की दीदियां ग्रामीण महिलाएं भी अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति जागरूक हो रही है। इसके साथ ही पेट्रोल पंपों, पीडीएस. दुकानों

**स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन**



में भी उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। इस क्रम में आज जिले में विभिन्न स्थानों जैसे बालक आश्रम शाला बारसूर के बच्चों के द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने लिए बैनर व पोस्टरों लेकर लोगों को जागरूक किया और बचेली में पेट्रोल भरवाने आये सभी उपभोक्ताओं को पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया।

साथ ही मुख्यालय के जिला चिकित्सालय में ओपीडी पर्ची में स्वीप का सील लगाकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा श्रम विभाग के द्वारा भी श्रमिक पंजीयन करते हुए श्रमिकों को मतदान का महत्व के बारे में समझाईश देते हुए शपथ दिलाई गयी।

खाद्य विभाग द्वारा इस दौरान पीडीएस विक्रेताओं के माध्यम से राशन दुकानों में आये मतदाताओं हितग्राहियों को मतदान संबंधी जानकारी दी गयी।

## कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रथम चरण के प्रशिक्षण का लिया जायजा

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी हरेक पहलुओं का बारीकी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



मतदान प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपादित करने के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को गम्भीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करना जरूरी है। इस दिशा में मतदान संबंधी हरेक पहलुओं की

- मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी लेने पर दिया जोर
- कलेक्टर ने प्रशिक्षण स्थान पर सुझाव पेटी रखने के दिए निर्देश

विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट उपयोग के बारे में गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें। मतदान प्रक्रिया के बारे में कोई भी शंका हो तो मास्टर्स ट्रेनर्स से अवश्य मार्गदर्शन ली जाये। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी मीडियम स्कूल गीदम तथा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण में अधिकारियों-कर्मचारियों से कही।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया के पूर्व की तैयारी, मतदान प्रक्रिया तथा मतदान समाप्ति के बाद की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि मतदान आरंभ करने के पहले माकपोल, व्हीव्हीपेट की पर्चियों की गिनती, आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति एवं सीआरसी इत्यादि को सुनिश्चित कर नियत समय पर मतदान प्रक्रिया को शुरू किया जाये। इसी तरह मतदान समाप्ति के पश्चात ईव्हीएम को बंद करना, सीलिंग पूरी करना, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को प्रतिपूरित करना और अन्य दस्तावेजों का संधारण अवश्य पूरा करने के बाद ही सामग्री जमा करने के लिए प्रस्थान किया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण स्थान पर एक सुझाव पेटी भी निर्धारित किया जाए। जिससे मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान से संबंधी अपना सुझाव पेटी पर डाल सकें।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने मतदान दलों को ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट हैंडलिंग के लिए सतर्कता बरतने की समझाईश देते हुए कहा कि इस बारे में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनें। ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट का उपयोग स्वयं करके देखें तथा शंका हो तो इस बारे में अवश्य ही मास्टर्स ट्रेनर्स से पूछकर जानकारी लेवें। कलेक्टर ने मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इस हेतु निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को सम्पन्न कराना हम सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। इस दिशा में निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक आदर्श आचरण संहिता का पालन करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा कंप्यूटर पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से मतदान प्रक्रिया सहित ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपेट उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण के साथ साथ मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों के शंकाओं का समाधान किया गया।

प्रशिक्षण में सेक्टर ऑफिसर्स सहित पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी सम्मिलित थे। इसके साथ ही प्रशिक्षण के अंत में मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों को मॉक टेस्ट भी लिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक तिवारी, डिप्टी कलेक्टर कमल किशोर, डीईओ एसके. अम्बस्ट सहित निर्वाचन दायित्वों से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सामान्य प्रेक्षक ने लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा



**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बस्तर लोकसभा हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे.गणेशन और पुलिस प्रेक्षक राम किशुन ने आज लोकसभा चुनाव की बस्तर जिले में तैयारियों का जायजा लिया। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र और आंशिक नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्राज्यीय व अंतर्जिला सीमावर्ती जांच चौकी, संवेदनशील क्षेत्र की मतदान केंद्रों की व्यवस्था, मतदान दलों की रवानगी प्लान, सुरक्षा व्यवस्था, एफएसटी, एसएसटी, शिकायत सेल, डाक मतपत्र, ईडीसी, निर्वाचक नामावली, सी-विजिल सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारियों व क्रियान्वयन की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने पुलिस प्रशासन द्वारा निर्वाचन हेतु की गई सुरक्षा, कानून व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। इसके उपरांत प्रेक्षकों ने धरमपुरा स्थित आदर्श महाविद्यालय में बनाएं स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के संधारण, विधानसभावार मतदान सामग्रियों की वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री की वापसी की व्यवस्थाओं सम्बंधी कार्ययोजना की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, प्रत्येक वोट का महत्व मतदाताओं को समझाने अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने

- व्यापक रूप से आयोजित होगी मतदाता जागरूकता अभियान
- 1 से 12 अप्रैल तक लगातार विविध आयोजन के माध्यम से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने स्वीप

19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत 1 से 12 अप्रैल तक विविध कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाऐंगे। जिसके तहत 1 अप्रैल को जिला स्तरीय समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों का रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, 2 अप्रैल को साईकिल रैली प्रातः 7:30 बजे बस स्टैण्ड से कलेक्टोरेट प्रांगण तक, 3 अप्रैल को व्यापक रूप से समस्त सार्वजनिक स्थल, नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यक्रम एवं दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, 4 अप्रैल को महिला मतदाताओं को शाम 5 बजे से रंगोली, मेहंदी, खेल प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, रस्सा-कस्सी मटका दौड़, खो-खो, मटका फोड़, जलेबी दौड़, मानव श्रृंखला मतदान शपथ कार्यक्रम, 5 अप्रैल को चित्रकला, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन (महाविद्यालय स्तर तक), 6 एवं 7 अप्रैल को स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता महिला-पुरूष, 8 अप्रैल को चित्रकला, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण, 9 अप्रैल को स्कूटी रैली समस्त महिला कर्मचारियों के लिए, 10 एवं 11 अप्रैल को पुरूष खेल प्रतियोगिता समस्त विभागवार फुटबॉल, व्हालीवॉल, कबड्डी तथा 12 अप्रैल को मिनी स्टेडियम में दीप प्रज्वलन एवं मानव श्रृंखला, मतदान शपथ कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

# शासकीय कार्यों में तेजी लाने कलेक्टर ने ली कर्मचारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने 28 मार्च को दो पालियों में लिपिकीय संवर्ग के समस्त कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें प्रथम पाली 11 बजे से जिला कार्यालय में पदस्थ लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारी शामिल हुए तथा अपरान्ह 4:30 बजे जिला कार्यालय से अन्यत्र विभिन्न विभागों के लिपिकीय संवर्ग कर्मचारी शामिल हुए।

कलेक्टर ने समस्त कर्मचारियों को कार्यालयीन काम-काज के निराकरण संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन दिए। जिसके अंतर्गत कार्यालय के रख-रखाव, साफ-सफाई सहित विभिन्न दस्तावेज, पंजी का समुचित एवं व्यवस्थित संधारण सहित आगन्तुकों एवं आवेदकों उनके प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी देने, मानवीय संवेदनाओं के तहत सुगमतापूर्वक और तत्परता के साथ उनके प्रकरणों का निराकरण शीघ्रतापूर्वक करने के दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने औपचारिक चर्चा के दौरान विभिन्न काम-काजों से परिचित होकर बेहतर से बेहतर प्रयास करने के लिए कर्मचारियों को उत्साहवर्धन किया।

बैठक सह कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी एवं दिलीप उईके ने भी कार्यालयीन कार्य प्रणाली के संबंध में अपना अनुभव साझा कर विस्तृत जानकारी दी।

# बिरिंगपाल स्कूल में हुआ न्योता भोज सह विदाई कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माध्यमिक शाला बिरिंगपाल पटेलपारा एसएएफ संकुल जगदलपुर द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत शाला के समस्त शिक्षकों द्वारा गुरूवार को न्योता भोज के साथ विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समुदाय के सदस्य, अध्यक्ष, रसोईया

- समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना न्योता भोज का उद्देश्य

तथा सभी शिक्षक उपस्थित थे।

बच्चों को भोजन में पूर्ण भोजन करवाया गया। जिसमें जीरा फ्राई, दाल, छोले आलू, जलेबी, सलाद, पापड़, रायता आदि व्यंजन खिलाया गया। साथ ही कक्षा 8वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों के द्वारा



विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर छात्रों को पुरस्कार वितरित भी किया गया। न्योता भोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास तथा सभी वर्ग के बच्चों में समरसता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान अध्यापिका रीना दास, शिक्षक वृन्दा ध्रुव, रूपाली नेताम, रेखा मंडावी, संगीता दर्री, कृष्ण कुमार बंजारे, टीपी जोशी, साधना नाग, हितेश नायक एवं शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मीना ठाकुर उपस्थित थे।

# इंटक यूनियन ने किया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) द्वारा श्रमिक सदन में बुधवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। विदित हो कि अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके. सिंह के नेतृत्व में यूनियन द्वारा पहली बार यह आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल का टीका लगा कर, मुंह मीठा कराते हुए होली फाग गीत नगाड़े के थाप पर झूमते हुए विविध रंग, स्नेह, भाईचारे, एकता के इस महापर्व का आनंद उठाया। देवेंद्र साहू, पिलेश्वर निषाद की संगीत टीम ने नगाड़े की थाप पर



होली फाग गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। सचिव एके. सिंह ने पर्व की बधाई देते कहा कि समाजिक समरसता एवं भाईचारे तथा रंगों का पर्व होली पर भविष्य में भी वृहद रुप से मिलन समारोह आयोजित करेंगे। बीएल तारम ने यूनियन की इस आयोजन की प्रशंसा की। फाग टीम को यूनियन के सचिव एवं पदाधिकारियों, सदस्यों ने सम्मानित किया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में श्रम संघ के राकेश कुमार लाल संगठन मंत्री, सुनील कुमार, प्रशांत ठाकुर, शैलेश रथ, राजेन्द्र पटनायक, बंता टांडी, बी.लोहिदास, दुर्गेश नाग, लोकनाथ चुरेन्द्र, ओम प्रकाश साहू, दिलीप सिंह, पलख राम साहू, योगेश साहू, जीवन लाल साहू, अरूण कुमार नेताम, सुरेश करताम, लालसिंह, सम्पत राम, जगत, दिनेश साहू, लाला राम साहू आदि पदाधिकारियों, सदस्यों एवं मातृशक्तियों समेत अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# फागुन मड़ई में आए देवी-देवता विदाई समारोह में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आस्था, श्रद्धा एवं परम्परा के अनुठे संगम का प्रतीक ऐतिहासिक फागुन मेले का आज समापन कार्यक्रम माई दंतेश्वरी मंदिर के परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम जयंत नाहटा, मुख्य जिया पुजारी हरेंद्र नाथ सहित गावं परगना से आए हुए देव पुजारी उपस्थित थे। इस वर्ष आयोजित फागुन मड़ई की प्रमुख विशेषता मेले में 900 से अधिक स्थानीय देवी देवताओं की उपस्थिति रही। इसमें तेलंगाना और ओडिशा राज्य के देवी देवताओं ने भी पहली बार मड़ई में शिरकत किया। इस मौके पर मड़ई के सफल आयोजन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मेला मड़ई हमारी संस्कृति और परम्परा के धरोहर

- आमंत्रित देवी-देवताओं की विदाई के साथ ऐतिहासिक फागुन मेले का हुआ समापन
- देव पुजारियों को दिया गया श्रीफल और नेग



है और इस फागुन मड़ई में सभी परम्परागत प्रसंगों का प्रस्तुतीकरण एवं समस्त दैवीय अनुष्ठानों का नियमानुसार भली-भांति पालन किया गया और सभी की इसमें सहभागिता रही। इसके लिए मड़ई से जुड़े सभी देव पुजारी बधाई के पात्र है। आने वाले वर्ष में फागुन मड़ई के आयोजन को और भी बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्य पुजारी ने भी विभिन्न ग्रामों से आये देव पुजारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी उनका सहयोग मिलता रहेगा। इस समापन अवसर पर सभी देव पुजारियों को कलेक्टर द्वारा श्रीफल और नेग प्रदान करके रस्म अदायगी की गयी। इसके साथ ही उक्त आयोजन में स्वीप कार्यक्रम के तहत उपस्थित देव पुजारियों से शत प्रतिशत मतदान की अपील भी की गई। साथ ही उनसे वापस अपने ग्राम जाकर ग्रामीणों को लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने हेतु जागरूक करने का भी आग्रह किया गया।

# व्यय प्रेक्षक आशुतोष ने विभिन्न चेक पोस्ट का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आशुतोष प्रधान ने बस्तर जिले में स्थित विभिन्न चेक पोस्ट का बुधवार एवं गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण कर इन चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक निगरानी दलों को वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। उन्होंने इस दौरान बुधवार को रात्रि में बस्तर चौकी के समीप स्थापित चेक पोस्ट का जायजा लिया। वहीं गुरूवार को लोहण्डीगुड़ा, बड़ांजी तथा पल्ली नाका चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और स्थैतिक निगरानी दलों को नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ाई से जांच करने निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### संबलपुर शीतला-दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की तैयारी

**भानुप्रतापपुर।** बुधवार को ग्राम संबलपुर के शीतला-दंतेश्वरी मंदिर समिति व ग्रामवासियों की आगामी चैत नवरात्र को लेकर बैठक आयोजित की गई॥ जिसमे मंदिर में मनोकामना ज्योत स्थापना करने व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया॥ तेल ज्योत के लिए 901/-रुपए व घी ज्योत के लिये 1251/-रुपए निर्धारित किया गया॥ इसी तरह पंचमी को विशेष भोग श्रृंगार व अष्टमी को हवन पूर्णाहुति देव खेल का आयोजन रखा जाएगा॥ षष्ठी को श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झिटिया छुरीया तथा अष्टमी को श्री परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतरा राजिम गरियाबंद की प्रस्तुति शीतला मंच में होगी॥ नवमी को गणेश मंदिर में पूजन रैली पश्चात शीतला प्रांगण में महाभंडारा आयोजित किया जाएगा॥दशमी को ज्योति विसर्जन व देव विदाई किया जाने का निर्णय लिया गया॥

### मेगा मेडिकल जांच शिविर 6 अप्रैल को

**जगदलपुर।** सुषमा विंग्स ऑफ कैंसर स्पोर्ट सोसाइटी के बैनर तले एक दिवसीय मेगा मेडिकल जांच शिविर माहेश्वरी भवन कुम्हारपारा में 6 अप्रैल को प्रातः 9 से अपरान्ह 4 बजे तक होगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर्स उपस्थित रहेंगे। संस्था सचिव सुनीता बोथरा ने बताया कि आंख, दांत, चर्म रोग, न्यूरो, मधुमेह, गयानो, यूरो, गेस्ट्रो, जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, विभिन्न प्रकार के कैंसर, हड्डी रोग विशेषज्ञों के साथ काउंसलिंग और बच्चों से जुड़ी बीमारी की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर में स्थानीय डाक्टरों की टीम के साथ रायपुर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल से सुनील ग्लोनियाल, वरुण शर्मा, भारत भूषण, अनुपम महापात्र, पंकज पटेल, समुंद्र नील सिन्हा, वैभव राज सिंह उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान ब्लड, शुगर, ईसीजी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी। जांच शिविर पंजीयन 4 अप्रैल तक किया जाएगा।

### पोटियाडीह में आग से पैरावट खाक

**धमतरी।** ग्राम पोटियाडीह में एक किसान के ब्यारा में रखे पैरावट में बुधवार की दोपहर आग लग गई। आग लगने का कारण पैरावट के ऊपर से गई बिजली तार में शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन पैरावट आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गया है।

छोटे स्तर के चुनाव 20-20 है, विस चुनाव वनडे है और लोस चुनाव टेस्ट मैच है, धैर्य के साथ आपको खेलना है : पूर्व सीएम

# ईडी के जोर पर कांग्रेस को डरा धमका रही भाजपा का यह चुनावी भय : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर भानुप्रतापपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता ली श्री बघेल ने भाजपा की सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार भूपेश बघेल भानुप्रतापपुर पहुंचे थे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की माने तो छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है.सभी लोग एकजुट होकर चुनाव जीतने की तैयारियों में जुटे हैं.इस चुनाव में कांग्रेस अधिक सीट जीतकर आएगी। उन्होंने कहा बीजेपी डरा धमका कर कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराने की काम कर रही है। किसी को ईडी के माध्यम से, किसी को पुलिस के माध्यम से और किसी को पैसे के माध्यम से खरीदने का काम बीजेपी कर रही है। महादेव एप मामले में उन्होंने कहा हमारी सरकार के दौरान खुद मैने महादेव एप सट्टा को बंद करने की मांग गूगल एवं भारत सरकार से किया था। ये चुनावी मुद्दा है भाजपा का आम जनता समझ रही है। इस दौरान कांकेर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर, विधायक सावित्री मंडवी,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढी, ब्लाक अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ठाकुर,मनीष योगी, तुसार ठाकुर सहित वरिष्ठ कांग्रेसी जन उपस्थित रहे। बस्तर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होना है। अब गिनते के ही दिन शेष रह गया है। बता दे कि लोकसभा प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को कांकेर से पुनः दोबारा टिकट दिया गया है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोहन मंडावी ने महज 5 हजार मतों से हराया था, पार्टी ने इस बार पुनः विश्वास करते हुए बीरेश ठाकुर पर दांव लगाया है।






### कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह

कार्यकर्ताओं में नई जोश व उत्साह भरने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाम भानुप्रतापपुर पहुचे। श्री बघेल के आगमन को लेकर स्थानीय नेता व कार्यकर्ताओं भारी उत्साह देखने को मिला। नगर के मुख्य चौक पर जमकर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। श्री बघेल ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किये तत्पश्चात कार्यकर्ताओं सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा छोटे स्तर के चुनाव 20-20 है विधानसभा चुनाव वनडे है और लोकसभा का चुनाव टेस्ट मैच है धैर्य के साथ आपको खेलना होता है। श्री बघेल ने कार्यकर्ताओं से कहा राहुल गांधी जी ने जो पांच गारंटी दी है उसे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का काम जितना हो सके करें। राहुल जी ने 'नारी न्याय गारंटी' के तहत महिलाओं के लिए पांच बड़ी घोषणाएं की हैं। महालक्ष्मी योजना के तहत सभी गरीब परिवार में एक महिला को हर साल सीधे बैंक खाते में 1 लाख रुपए भेजे जाएंगे। केंद्र सरकार में सभी नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा। यानी सरकारी नौकरियों में इनके अलावा लोकसभा प्रत्याशी बीरेश ठाकुर एवं विधायक सावित्री ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

### महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण मिलेगा

शक्ति का सम्मान योजना के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील बनाने वाली महिलाओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना किया जाएगा। अधिकार मैत्री के तहत सभी पंचायत में महिलाओं को उनके हकों के लिए जागरूक करने और जरूरी मदद के लिए अधिकार मैत्री के रूप में एक कानूनी सहायक की नियुक्ति की जाएगी। जो महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देंगे और इन अधिकारों को लागू करने में मदद करेंगे। सावित्री बाई फुले हॉस्टल योजना के तहत देश में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल की संख्या दोगुनी करेगी। भारत सरकार की तरफ से सभी जिला मुख्यालयों में कम से कम एक कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल बनवाया जाएगा।

## सीआरपीएफ आरक्षक सड़क हादसे में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सरोना का मेला घूमकर वापिस लौट रहे स्कूटी में सवार आरक्षक को अन्य बाईक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल आरक्षक ने अपना ईलाज करवाने के बाद कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराया है।



कांकेर थानांतर्गत ग्राम डंवरखार निवासी 34 वर्षीय बिज्जू राम पोया पिता अभिराम पोया ने पुलिस को बताया कि सीआरपीएफ में आरक्षक चालक के पद पर 65 वी वाहिनी कैम्प बाराडेरा मंदिर हसौद रायपुर में पदस्थ हूं। मैं अवकाश पर घर आया था और 3 मार्च को स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एई 1366 में सवार होकर मेरे दूर के चाचा माहरू राम गोटा के साथ सरोना मेला गया था। सरोना मेला देखकर वापिस घर आ रहे थे, तभी शाम करीबन 7 बजें जन विज्ञान केन्द्र के पास पहुचे थे कि कांकेर की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 9776 का चालक अपने वाहन को तेज, लापरवाही एवं उतावलेपन से चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट से मुझे दाहिने पैर में और चाचा के दाहिने हाथ पैर में चोट आया। घटना के बाद जिला अस्पताल ईलाज के लिए भर्ती कराया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद रिफर करने से अम्बेडकर अस्पताल रायपुर मे ईलाज करवाया हूं। ईलाज जारी रहने के कारण एक्सीडेंट की रिपोर्ट नहीं लिखा पाया। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के उपरांत के कारण रिपोर्ट लिखाने में देरी हुआ। कांकेर थाना की पुलिस ने शिकायत पर आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## निर्वाचन कंट्रोल रूम और मीडिया सेंटर का व्यय प्रेक्षक मंडल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कांकेर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस संदीप मंडल ने निर्वाचन कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर के साथ विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण के दौरान पंजी संधारण के संबंध में जानकारी लिया तथा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश उपस्थित कर्मचारियों को दिए।

कलेक्टोरेट के प्रथम तल पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय में स्थापित मीडिया सेंटर का व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट और रेडियो अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी लेते हुए अनुवीक्षण पंजी का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई के नोडल अधिकारी टीएस सिन्हा ने बताया कि एमसीएमसी की उपसमिति के सदस्यों के द्वारा नामनिर्देशन की प्रारम्भिक तिथि यानी से प्रत्येक दिवस के अनुवीक्षण का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर व्यय लेखा टीम और सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रेषित किया जाता है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों पर सूक्ष्मता से निगरानी करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने निर्वाचन व्यय की निगरानी से संबंधित दलों के प्रभारी अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक लेकर जिले के विभिन्न स्थानों सहित अंतर्जिला सीमावर्ती इलाकों में एसएसटी, एफएसटी दलों को पूरी मुस्तैदी के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस अहिरवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल, लाइजनिंग अधिकारी बीएस पैकरा व खलखो मौजूद रहे।



## पीठासीन व मतदान अधिकारियों का मिला प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**चारामा।** विकासखंड चारामा के 212 मतदान अधिकारियों एवं 13 अधिकारियों को प्रथम चरण के प्रथम दिवस में शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चारामा में पांच कक्षों में 12 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

चारामा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राहुल रजक, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल, सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय प्रकाश सेन, एपीसी नवीन सिन्हा, एमन जैन, तहसीलदार कृष्ण कुमार पाटले, खंड शिक्षा अधिकारी केशव साहू, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भावना नरेटी ठाकुर आदि अधिकारियों ने प्रशिक्षण सत्र का अवलोकन किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सत्र के अंत में सहायक संचालक प्रकाश सेन ने विभिन्न प्रश्नावली के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण की समझ व इसकी ग्राह्यता की परख की। प्रशिक्षण सत्र में सम्मिलित हुए सभी कर्मचारियों को जलपान कराया गया, जिसकी सभी कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त किया। इस दौरान 161 मतदान कर्मचारियों ने डीसी का फार्म जमा किया।

## मतदान दलों के प्रशिक्षण में 423 कर्मचारी-अधिकारी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- लोकसभा क्षेत्र के मतदान कर्मिक प्रारूप 12 क ईडीसी के माध्यम से करें अपना मतदान



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं कांकेर लोकसभा विधानसभा भानुप्रतापपुर के एआरओ और एसडीएम आस्था राजपूत के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विधानसभा के तहसील भानुप्रतापपुर एवं दुर्गुकोंदल के मतदान दलों के कर्मचारियों का प्रशिक्षण कल 27 मार्च से प्रारंभ है।

आज द्वितीय दिवस मतदान अधिकारी क्रमांक 2 कुल 214 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 3 कुल 209 इस तरह आज 423 अधिकारी कर्मचारियों नें प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज प्रशिक्षण केंद्र पंहुचकर एसडीएम आस्था राजपूत से सभी से कहा कि मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को गंभीरता से सुने और समझे। खासतौर से मतदान अधिकारी 2 को उनके दायित्वों का ज्ञान जरूरी है अधिकारी क्रमांक 2 का काम मतदाता के उंगली में स्याही लगाना, रजिस्टर का प्रभारी होता है साथ ही साथ वह पर्ची भी प्रदान करता है। इसी तरह मतदान अधिकारी क्रमांक 3 दिये गये पर्ची को लेकर बैलेट प्रदान करता है। दल के सभी सदस्यों के बीच परस्पर आपसी सामंजस्य बनाकर एक टीम भावना के साथ सभी कार्य करें। मतदान दल के अंतिम प्रशिक्षण में सभी अपने अपने सेक्टर अधिकारी के साथ भी परिचय ले लेवे ताकि आगे काम मे सुविधा होगी। एसडीएम ने सभी से खासतौर से ईव्हीएम की पूरी प्रक्रिया को समझने को कहा कि सभी को यह जानकारी होना चाहिए कि माक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय क्या प्रोटोकाल होता है।

आज के प्रशिक्षण में सभी मास्टर ट्रेनरों ने मतदान अधिकारी 2 एवं 3 को उनके निर्वाचन के दायित्वों को समझाया और बताया कि कैसे पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी 01 के साथ साथ मतदान अधिकारी 2 एवं 3 की भी महती भूमिका होती है। मतदान दिवस को सभी पूरी संयम एवं अनुशासन के साथ निर्वाचन का कार्य करें। साथ ही साथ लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सभी मतदान कर्मिकों को आयोग के निर्देशानुसार जिनका नाम इस लोकसभा के निर्वाचक नामावली में है उनको ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जा रही है इसके लिए सभी निर्धारत प्रारूप 12 क में आवेदन कर देवें। इसके आलावा यदि किसी का नाम दुसरे लोकसभा में है और दूसरे चरण में मतदान है तो ऐसे लोग डाकमतपत्र के प्रारूप 12 में आवेदन कर अपने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। आज के प्रशिक्षण में तहसीलदार भानुप्रतापपुर सुरेंद्र उर्वशा, उमाकांत जायसवाल, बीईओ सदे सिंह कोमरे, एस.पी.कोसरे, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स टिकेश्वर सिंह ठाकुर मण्डल संयोजक श्वेता साहू,बैजनाथ कोरेटी,बीआरसी राधेलाल नुरेटी,ब्लाक मास्टर ट्रेनर्स नुमेश सोनी, ,हेमंत श्रीवास्तव, प्रदीप सेन,नितिन ध्रुव,मनोज चौहान , बाबूलाल कोमरे के साथ साथ सभी संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

## नववधुओं ने मतदान करने की स्वीप कार्यक्रम में शपथ ली




**कांकेर।** जिलेभर के सभी विकासखंड में नववधू मतदाताओं को मतदान करने और मतदान के लिए आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम में लगी महिलाओं ने शपथ दिलाया और जिला निर्वाचन अधिकारी के संदेश भी दिया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत कांकेर में नव वधू मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप के तहत जनपद पंचायत चारामा के ग्राम लखनपुरी में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने चलो मतदान केन्द्र की ओर के नारे के साथ रैली निकालकर मतदान दिवस के दिन 26 अप्रैल को मतदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत स्वीप सहेली ने भी ग्रामीण मतदाताओं को स्वीप संबंधी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला शक्ति संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर नारा लेखन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## रैंडमाइजेशन के बाद खोला गया ईवीएम वेयर हाउस

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के द्वारा ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण के रैण्डमाइजेशन पश्चात शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव स्थित ईवीएम वेयर हाउस को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रैण्डमाइज किए गए व्हीव्हीपैट, कंट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट को विधानसभावार पृथक करने की कार्यवाही की जा रही है, जो 29 मार्च तक चलेगी। पृथक करने के बाद उन्हें स्ट्रांग रूम में रखते हुए संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की अभिरक्षा में सौंपा जाएगा। ईव्हीएम मशीनों के रैण्डमाइजेशन उपरांत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 271-271 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट और 346 व्हीव्हीपैट, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 327-327 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट तथा 417 व्हीव्हीपैट और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 295-295 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट एवं 376 व्हीव्हीपैट मशीनें आवंटित की गई हैं। इस अवसर पर ईवीएम के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## डोमपदर में अधेड़ ने खेत में लगाई फांसी

*__कांकेर।__ नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम डोमपदर निवासी 48 वर्षीय जग्गुराम पिता स्व. इतवारूराम ने खेत की ओर 27 से 28 मार्च के बीच फांसी गलाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के 19 वर्षीय बेटे उमाशंकर ने पुलिस को बताया कि उनके पिता नशे में रहने का आदी था। परिवार वालो के द्वारा समझाने पर विवाद करता था। नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।*

## बस्तर की जनता जनार्दन के आशीर्वाद से विजय का मार्ग होगा प्रशस्त : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

- भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश का विभिन्न समाज प्रमुखों ने किया स्वागत



भारतीय जनता पार्टी के बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप बुधवार को गीदम के श्रीराम धर्मशाला पहुंचे। जहां विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न समाज के प्रमुखों ने आतिशबाजी के साथ गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। नामांकन पत्र जमा करने के बाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप दंतेवाड़ा जिले के व्यावसायिक नगरी गीदम पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न समाज प्रमुखों और भाजपा कार्यकर्ताओं से श्रीराम धर्मशाला गीदम में मुलाकात की। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कश्यप ने कहा कि मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ पूरे देश व बस्तर की जनता के आशीर्वाद से भाजपा पुनः 400 से अधिक सीटों के साथ केंद्र में सरकार बनायेगी। जनता का विश्वास भाजपा के साथ है। छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर भाजपा की जीत का परचम लहरा कर केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बस्तर की जनता का विश्वास व आशीर्वाद भाजपा के साथ है। बस्तर की उत्तरोत्तर प्रगति व संस्कृति को अक्षुण्य रखने का संकल्प है। जनता जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना, पीएम मोदी के 10 वर्ष के सरकार के कार्यकाल में भारत को विकसित और अधिक शक्तिशाली बनाने, लिये गये ऐतिहासिक निर्णय को लेकर जनता का आशीर्वाद और विश्वास भाजपा के साथ है और भाजपा के कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ता महेश कश्यप के साथ जन जन तक जा रहे है। आप सभी का आशीर्वाद और प्यार भाजपा से बस्तर लोकसभा के सरल, सहज और मिलनसार प्रत्याशी महेश कश्यप को मिल रहा है। जिसका उदाहरण है कि आप इतने कम समय में इतनी अधिक संख्या में उपस्थित हुए है।




